ॐ

अंतर की खोज

पूज्य दादा भगवान

अंतर की खोज

पूज्य दादा भगवान

Paradise Palace
Firoz Kothi, 4, Mall Avenue
Lucknow-226001

ॐ

PREFACE

My Dear Ownself,

"ANTAR KI KHOJ" is a holy book which contains all the blessings in the form of teachings of **"DADA BHAGWAN"** This book is just one drop of the whole Ocean.

This book is an effort to take you close to Dadaji. All the teachings of Dadaji are not mere words but his **"ANTAR KI KHOJ"**. The Divine speaking through Him which is a treasure for all of us. His Divinehood has always been an inspiration for all the others to follow. He has shown the Real Truth, In pure & Simple form that we all can experience & accept.

So we request our readers to take it not just as a book but as a gift of Dadaji to all of us. We are hopeful that while going through the pages of this book one can feel **"DIVINE DADAJI"**.

We always look for your response & suggestions for further erections.

Thanks
My Ownself

ॐ

मेरे निज आत्मा

"दो शब्द"

दादा भगवान की **"अंतर की खोज"** उपहार रूप हमारे सभी गुरू प्रेमियों को भेंट है। यह गुरू की कृपा का एक और रूप है।

आज जड़वाद और भोगवाद के परिणाम स्वरूप जीवन में जो भयंकर अशांति व अतृप्ती फैल गई है उसे दूर करने में आपकी मदद करने हेतु यह **दादा भगवान** की **"अंतर की खोज"** सभी के लिए जीवन दान है। उनके दिव्य जीवन व भीतर की उपलब्धि का एक छोटा सा रूप यह उनके कुछ वचन हैं। उनके भीतर के मंथन से यह अमृत हम सभी के लिए प्रगट हुआ है तो आशा करते हैं कि हमारा प्रयास आपको उनके नजदीक ले जाने का इस पुस्तक हेतु सफल होगा।

इस पुस्तक में कई कमियां हो सकती हैं जिन्हे हम आपकी राय से आगे सुधार कर सकते हैं तो हमें अपनी राय जरूर भेजें।

आपका अपना स्वरूप
ओम्

DADA BHAGWAN'S POINTS

1. Love not your country but your kind. You belong to no particular country. You are Monarch of all you survey.

2. Beloved, when you showed me your face. I gave up the prayers ; as when Moon comes, we break the Fast, when we get well, we stop medicines. We become desireless when we have complete **Vairagya** and thus become immortal then and there.

3. The Noblest Charity is to prevent a man from accepting Charity. The best alms are to show and enable a man to dispense with alms. Help a man to help himself.

4. Realisation of God is impossible without complete renunciation of Sexual desires. You get God when above desires.

5. One and only one moment of determination, complete determination is enough. Whole lifetime without determination is immaterial.

6. Sign of true teacher is that in his presence you get peace of Mind. Divinity, Bliss, Satisfaction, Contentment. Money cannot buy all these. I had hunger and thirst for God, so has everyone they

दादाजी के अनमोल रत्न

1. अपने देश से ही नहीं वरन् सम्पूर्ण मानवता से प्रेम करो, तुम किसी विशेष देश के वासी नहीं वरन् सम्पूर्ण विश्व ही तुम्हारा है। 'वसुदैव कुटुम्बकम्'।

2. हे प्रियतम ! जैसे ही मुझे तुम्हारा दर्शन हुआ मेरी प्रार्थना छूट गई ; जैसे चन्द्रमा का दर्शन होते ही हम व्रत तोड़ देते हैं ; जैसे स्वस्थ होते ही हम औषधि छोड़ देते हैं, इसी प्रकार जैसे ही वैराग्य होता है हम पूर्णतया निष्काम हो जाते हैं और इस प्रकार उसी समय वहीं पर हम अमर हो जाते हैं।

3. उत्तम दान मनुष्य को दान न लेने में समर्थ बना देना है, उत्तम भिक्षा मनुष्य को भिक्षा की इच्छा से रहित बना देता है, मनुष्य की सहायता उसे समर्थ बनाने के लिये ही करो।

4. बिना पूर्ण निश्चय के आत्म साक्षात्कार असम्भव है। सम्पूर्ण इच्छाओं को त्याग कर ही तुम प्रभु को पा सकते हो।

5. पूर्ण निश्चय का केवल एक क्षण ही काफी है। बिना निश्चय के पूरा जीवन भी व्यर्थ है।

6. सत्गुरु के लक्षण यही हैं कि उसके समक्ष आपको मानसिक शांति, दिव्यता, परमानन्द, सन्तोष व तृप्ति मिले। पैसे से ये सब नहीं खरीदा जा सकता। मुझे प्रभु के लिये तीव्र भूख और प्यास थी, ऐसे ही सबमें विद्यमान है। कहते

say—"When **"Chela"** is ready, **Guru** is there". Thus by my **Purusharth**, I realised for the first time that "I am God" and not this body. My body consciousness is gone. So is everyone now. I see nothing but God i.e., that is ME and whenever I forget this Self Enquiry helps me.

7. **Nothing is mine. I came in this world all alone. I brought nothing, So I am non-possessive.**

8. Man can do nothing. God is all pervading. Everything is done automatically by "**Prakriti**" of God. One became many by "**Sankalpa**" and is playing drama, while I am seer and still. Thus I find that I am already "**Mukta**". I was, I am and hereafter am in future too. I am Changeless, Fearless, Egoless, Thoughtless, Deathless, Desireless, Effortless, Invisible, Absolute, Bliss, "**Ashok**", "**Amar**", "**Akarta**", "**SAKSHI**" (Seer), "**Advaita**", "**Sat-Chit-Anand**" Books and prayers are useless and all the objects of the world too are useless and perishable. No "**Karmas**" and "**Dharmas**" can help as it is ego. Only see oneness and sameness of God. I do nothing as everything is done already. All my doubts are gone now. I am determined in self realisation that "I am **Atma**" and not this perishable body anymore as it will leave me.

है-"जब चेला तैयार होता है तब गुरु भी आ जाता है मैंने अपने पुरुषार्थ से प्रथम बार यह जाना कि मैं शरीर नहीं हूं, भगवान् हूं।" मेरी देहात्मबुद्धि खत्म हो गई है। उसी के साथ संसार भी नहीं दिखता, मुझे अब भगवान् के सिवाय कुछ भी नहीं दिखता और मैं ही वो भगवान् हूं। जब-जब इसे मैं भूलता हूं, आत्मानुसंधान से मुझे मदद मिलती है।

7. मेरा कुछ भी नहीं है। मैं इस जगत में अकेला ही आया था, अपने साथ कुछ भी नहीं लाया था। मेरा परिग्रह कुछ भी नहीं है।

8. मनुष्य कुछ भी नहीं कर सकता। भगवान् सबमें रमा हुआ है। भगवान् की प्रकृति से सब कार्य स्वयं ही होता है। एक ही संकल्प से अनेक हो गया है और अभिनय कर रहा है, जबकि मैं साक्षी और शांत हूं। इस प्रकार मैं पाता हूं कि मैं पहले से ही मुक्त था, अभी भी हूं और आगे भी रहूंगा। मैं अपरिवर्तनशील, निर्भय, अहंकार शून्य, निर्विचार, अमर, संकल्प रहित, प्रयत्न रहित, अदृश्य, अनंत, आनंद, अशोक, अकर्त्ता और साक्षी, अद्वैत तथा सत्‌चित् आनन्द स्वरूप हूं। पुस्तकें और प्रार्थनाएं व्यर्थ हैं। संसार के पदार्थ सभी विनाशशील हैं। कोई कर्म या धर्म हमारे मोक्ष में सहायता नहीं कर सकता है क्योंकि यह सभी अहंकार पूर्ण है। सभी व्यक्तियों और पदार्थों में केवल भगवान् का दर्शन करो। मैं कुछ नहीं कर रहा हूं क्योंकि सब पहले से ही बना पड़ा है मेरे सब संशय अब समाप्त हो गये हैं। मेरा यह दृढ़ निश्चय है कि मैं आत्मा हूं, यह शरीर नहीं, क्योंकि यह तो मुझे छोड़ जायेगा।

9. Gita is a song meant for all hearts that aspire love and listen **Guhya Vidya**, though they may be forshaken and lowly born. Books and Prayers are uselsss.

10. 'Oh God ! If I came to Thee and say that you save me from the fires of hell, let me burn in hell. If I say, grant me the joys of paradise, be shut against me, But if I come for thine ownself sake, keep me not away from Thee.

11. A good deed also binds the doer.

12. God is boss of the show.

13. Everything will pass away—passing show.

14. God is everything and everything is God. There is nothing but God, where is not God.

15. Do not give up rose for its thorns.

16. How do you wish to control the mind which does not exist.

17. I created and I can demolish activity.

18. Do not think with your mind, rather surrender unto God.

19. I thought her dying when she slept and sleeping when she died.

9. गीता उन सबके हृदय के लिये मधुर गीत है जो निष्काम प्रेम में लीन रहते हैं और जिनका ध्यान सदा गुह्य विद्या में रहता है चाहे वे कितने भी दुनिया द्वारा ठुकराए गए हों और जन्म से कुलीन न हों।

10. हे प्रभु ! यदि मैं तुझसे आकर कहूं कि मुझे नर्क की अग्नि से बचाओ, तो मुझे उस अग्नि में जलने देना। यदि मैं कहूं कि मुझे स्वर्ग के आनन्द देना तो तुम चाहे स्वर्ग के द्वार बंद कर देना, पर यदि मैं तुमसे तुमको ही मांगने जाऊं तो 'हे हरि ! तुम मुझसे दूर न जाना।'

11. सत्कर्म भी कर्ता को बांधते हैं।

12. प्रभु संसार का संचालक है।

13. सब कुछ परिवर्तनशील है, बदल जायेगा।

14. भगवान् सबमें है और सब कुछ भगवान् है। सर्व में और कुछ नहीं केवल भगवान् है। भगवान् कहां नहीं है ?

15. गुलाब को कांटों के कारण मत छोड़ो।

16. तुम मन को कैसे वश कर सकते हो क्योंकि मन का अस्तित्व ही नहीं है।

17. सक्रियता को मैंने ही आरम्भ किया और मैं ही समाप्त कर सकता हूं।

18. अपने मस्तिष्क से मत सोचो। वरन् भगवान् के शरणागत हो जाओ।

19. जब वह सो रही थी, मैंने उसे मृत समझा और जब मर गई तो मैंने समझा कि वह सो रही है।

20. The only thing we have to fear is "Fear" itself.

21. Swimming is impossible when there is no water.

22. Neither seek, nor avoid. Take what comes.

23. The word 'Detatchment' has suffered so much misunderstanding that people in general have been decrying the word, and trying to escape from what constitutes that obligatory duties and even life as such. In fact the world is a glorious place to live in and no religious master has ever condemned it.

24. Much wants more.

25. It is four-o-clock. Sons of a barren woman battled in the waters of mirage, stars of the day struck on thou's foreheads, shot arrows made of horns of hares. Oh sky ! surrender to me. Thy Indigo or the ghost is coming to assist me. **"JAGAT MITHYA"**.

26. No man, who thinks of woman as his wife, can ever perfect be, See God only"—(Christ).

27. Man is man when he is free.

28. Spirituality should not be confounded with Morality. Morality is hypocracy.

20. हमें केवल भय से भयभीत होना चाहिये।

21. जहां पानी न हो वहां तैरना असम्भव है।

22. न कुछ पाने का प्रयत्न करो न ही बचने का जैसा जीवन आये, उसे उसी प्रकार स्वीकार करो।

23. असंगता को बहुत गलत समझा गया है। साधारणतया लोग इसे कर्त्तव्यों से भागना समझते हैं, वास्तव में तो संसार रहने के लिये बड़ी सुंदर जगह है तथा किसी धर्म गुरु ने इससे भागना नहीं सिखाया।

24. पदार्थों का आधिक्य पदार्थों की ओर अधिक इच्छा जागृत करता है।

25. जिस प्रकार बांझ का पुत्र होना, मृगतृष्णा के जल में स्नान करना, दिन में तारे निकलना, खरगोश के सिंगों के तीर बनना मिथ्या है, ऐसे ही **जगत भी मिथ्या** है।

26. जो पुरुष स्त्री को पत्नी देखता है, वह पूर्ण नहीं हो सकता, केवल भगवान ही देखो।

27. मनुष्य तभी मनुष्य है जब वह स्वतंत्र है।

28. अध्यात्मिकता नैतिकता नहीं है। नैतिकता तो बनावट है।

29. "Satguru" transforms, attracts and helps you to inherit the hidden treasure of the Self.

30. Meditation attains perfection when it is no longer necessary to meditate again.

31. True Meditation is a state of thoughtlessness and actionless. Then you are related to the Self, otherwise you are related to the external.

32. Love is not an action, it becomes your nature. It is a state of Self. Love all alike. You can't love another.

33. Knowledge of non-difference from supreme Brahma is the means. Your determination is wanted.

34. Salt and Sea become one.

35. Suppression of Desire is not spirituality.

36. Seer and Seen become one. See nothing but God, even in a dog.

37. The human brute (Nastik) does not worship because of his ignorance of God and the Jiwan Muktas do not worship because they have realised God in themselves. Outwardly both appear same.

38. Christ—"Unless you are born again, you cannot see the kingdom of God. Now Christ does not believe in re-incarnation i.e., birth after death.

29. सद्गुरु तुमको आकर्षित करता है, बदल देता है तथा आत्मा के गुण खजाने को प्राप्त करने में तुम्हारी सहायता करता है।

30. ध्यान तभी पूर्ण होता है जब ध्यान करने की आवश्यकता न रह जाये।

31. वास्तविक ध्यान अकर्त्ता व निर्विचार होना है तब तुम आत्मा से जुड़े होते हो नहीं तो तुम संसार से जुड़े होते हो।

32. प्रेम कोई क्रिया नहीं है यह तो तुम्हारा सहज स्वभाव है। सबको समान प्रेम करो। दूसरा समझ कर तुम प्यार नहीं कर सकते।

33. पूर्ण ब्रह्म की अखण्डता का ज्ञान एक साधन है। इसके लिये तुम्हारे दृढ़ निश्चय की आवश्यकता है।

34. नमक और सागर एक हो जाते हैं।

35. कामनाओं का दमन आध्यात्मिकता नहीं है।

36. दृष्टा और दृश्य एक हो जाते हैं और कुछ नहीं। कुत्ते में भी केवल भगवान् देखो।

37. नास्तिक उपासना नहीं करता क्योंकि वह भगवान् को नहीं जानता और जीवन मुक्त भी उपासना नहीं करता क्योंकि उसने स्वयं में ही भगवान् को पाया है—ऊपर से देखने में दोनों समान दिखते हैं।

38. (क्राइस्ट) जब तक तुम्हारा दुबारा जन्म नहीं होता तुम प्रभु के साम्राज्य में प्रवेश नहीं पा सकते। वैसे तो क्राइस्ट पुनर्जन्म में विश्वास नहीं करते—तब दोबारा जन्म लेने से उनका

Then what does he mean by born again ? He means new birth by hearing through the Lips of Guru. All realise themselves **"Atma"** after hearing the **Satguru**. Hereafter they get salvation i.e., **Mukti**. Hence they are free from death and re-birth right here and now.

39. Man is 2% physical and 98% mental and spiritual. Physical claims most of our attention; time and energy. We have really forgotten God.

40. Oh mother mine, make me thine, make my life Divine.

41. As Atma, you are Birthless, Deathless and Changeless for-ever.

42. Self realisation is Self-recollection, Self discovery and Self recovery.

43 We are here to make our lives. "Tele" i.e., teach **Real Vidya**, so that other lives may be better and happier than they would have been without us. We send forth our love and our good influence. Now they pray God every minute.

44. Spiritual healing reaches into every part of man's being.

45. If we have sufficient faith to allow the light of 'Spirit' to shine through us into a sick mind or a lonely

क्या अभिप्राय हो सकता है ? उनका अर्थ है कि गुरुमुख से ज्ञान सुनने के बाद ही पुनर्जन्म होता है। सतगुरु को सुनने के बाद ही सब अपने आपको आत्मा अनुभव करते हैं और मुक्त हो जाते हैं। तब वे उसी समय मृत्यु और पुनर्जन्म के चक्र से स्वतंत्र हो जाते हैं।

39. मनुष्य 2 प्रतिशत शारीरिक है और 98 प्रतिशत मानसिक व अध्यात्मिक। किन्तु शारीरिकता ही हमारा अधिकतर समय व ध्यान ले लेती है। वास्तव में हमने भगवान् को भुला दिया है।

40. हे मां ! मुझे अपना बना ले और मेरे जीवन को दिव्य बना दे।

41. आत्मा में जन्मरहित मृत्युरहित तथा सदा के लिये अपरिवर्तनशील हो।

42. आत्म साक्षात्कार ही आत्मानुसंधान है।

43. हमारे जीवन की उपादेयता तभी है जब हम इससे दूसरों को वास्तविक विद्या का ज्ञान कराए, जिससे कि वे हमारे मिलने के पहले से अधिक आनंद से जीवन बिता सकें। हम अपना सत्प्रभाव व प्रेम उन तक भेजते हैं, जिससे कि वे हर क्षण प्रभु को याद करते हैं।

44. आध्यात्मिक चिकित्सा मनुष्य के हर भाग तक पहुंचती है।

45. यदि हमें इतना विश्वास हो कि हम अपने ज्ञान के प्रकाश से किसी रोगी मन व दुखी हृदय की मानसिक व

heart. The mental and spiritual healing that results will most assuredly heal the Physical also. Give Courage, Hope (Moral and Spiritual) Upliftment.

46. Be careful and you won't fall.

47. **Gyani** is happiest man though without a shirt.

48. A Faint heart never wins a Fair lady.

49. Either you are God or Dog.

50. Know thyself and you know God.You are already that.

51. One became many, projection of **Nirakar** God ; Mothers hair is her extension not mother.

52. Creation—Something coming out of nothing.

53. Having a Loving Heart—Have a conviction that we are loved.

54. Be good, then all will foresake you.

55. When knowledge dawns, world disappears.

56. Guru robs you of the Sense of Possession—Nothing is Mine.

57. 'Vedas' cannot show you God. You are already that. With knowledge, ignorance goes, then sin,

आध्यात्मिक चिकित्सा कर सकते हैं तो उससे उसकी शारीरिक चिकित्सा भी हो जायेगी। सदा उसको साहस, आशा दो और नैतिक तथा आध्यात्मिक रूप से उठाओ।

46. सावधान रहोगे तो गिर नहीं पाओगे।

47. ज्ञानी किसी परिग्रह के बिना भी परम आनन्द में रहता है।

48. दुर्बल इच्छा शक्ति वाला व्यक्ति कभी लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकता है।

49. या तो तुम भगवान् हो सकते हो अन्यथा तुम श्वान हो।

50. स्वयं को जानकर ही तुम परमात्मा को जान सकते हो। तुम वास्तव में भगवान् ही हो।

51. एक ही अनेक हो गया है। यह निराकार परमात्मा की प्रतिछवि है, किन्तु उसी प्रकार जैसे माँ के बाल माँ नहीं होते, माँ के होते हैं।

52. कृति जो शून्य से उत्पन्न होती है।

53. प्रेमी हृदय होने का अर्थ है हमें दृढ़ विश्वास होना चाहिये कि हमें अनंत प्रेम प्राप्त है।

54. यदि तुम अच्छे बन जाओगे तो संसार तुम्हें ठुकरा देगा।

55. जब ज्ञान का उदय होता है, संसार दृष्टि से ओझल हो जाता है।

56. गुरु तुमसे अधिकार भावना को छीन लेता है; मेरा कुछ भी नहीं है।

57. वेद तुम्हें ईश्वर का दर्शन नहीं करा सकते। तुम पहले से ही भगवान् हो। ज्ञान से अज्ञान चला जाता है। सब पाप

then desire, selfishness, then all misery disappears. And you become free from delusions.

58. Live for others only.

59. Even the desire to know yourself becomes obstacle, in finding ownself i.e., Realisation.

60. It is difficult to be near God when you rise in the eyes of the world (Fame). The One without worldly support finds the support of God. When outwardly support falls off, God's support is gained.

61. To be prepared for war is one of the most effectual means of preserving peace.

62. Ask him, "Where is your God" and see that he knows nothing.

63. God may forgive but the nervous system never does. Who can recompense him for those 20 years lost in wilderness; the mental agony, the suffocating anxiety, the uncertainities and frustations, the cruel injustice of in all; by what measure and by what yardstick shall these be calculated.

64. Remember you have nothing to attain, you are already God. God is never lost, therefore do not search for him. Even good desire to find God is an obstacle in finding him.

इच्छा स्वार्थ और तब सब दुखों का पूर्णतया नाश हो जाता है। सब प्रकार के भ्रमों से छुटकारा हो जाता है।

58. सिर्फ दूसरों के लिए जीयो।

59. स्वयं को जानने की इच्छा भी अपनी प्राप्ति में बाधक बन जाती है।

60. जब तुम संसार की दृष्टि में उठते हो तो भगवान् के समीप होना बहुत कठिन है। निराधार होकर ही भगवान् का आधार पाया जाता है। जब और आश्रय समाप्त हो जाते हैं, तब प्रभु का आश्रय मिलता है।

61. युद्ध के लिये तैयार रहना शांति रखने का सबसे प्रभावशाली तरीका है।

62. किसी से पूछो कि तुम्हारा भगवान् कहां है और तुम पाओगे कि वह कुछ नहीं जानता।

63. भगवान् तो माफ भी कर दे, पर अपना मन कभी माफ नहीं करता। जो बीस वर्ष चले गए उन्हें कौन वापस करेगा ? उस समय का अकेलापन, मानसिक तनाव व कष्ट और जो ऊँच नीच सहनी पड़ी, जो परेशानियां हुई और जो अन्याय हुआ उसको किस आधार से नापा जा सकता है।

64. याद रखो, तुम्हें कुछ भी प्राप्त नहीं करना है, तुम पहले से ही भगवान हो। भगवान् कभी खोया नहीं था, इसलिये इसे ढूंढो भी मत। यहां तक कि भगवान् को पाने की इच्छा करना भी भगवत् प्राप्ति में बाधक है।

65. Man cannot become God as an ass cannot become horse, but man is already God. Know That **Mukti** is your eternal nature.

66. With knowledge of God, World disappears as darkness is dispelled by light. You have nothing to do.

67. What is gained by knowing **"Self"**. Gita says "By knowing which nothing remains to be known".

68. Love is a state of Self. It is not an action. Love is not done. It just happens. If there is slightest feeling that I love, the love is not real. Love becomes my nature.

69. Yoga is a state of mind. Wherein there is no **"Sankalpa"** or **"Vikalpa"**.

70. Adjust yourself to God's will. Everywhere it is My will that is being done.

71. If your horse is hungry, feed it but keep yourself above hunger. As you are **"Atma"**.

72. Have faith that you are brave, firm like a rock. Truth triumphs. Brave man dies but once. I hate cowardice.

65. मनुष्य भगवान् नहीं बन सकता जिस प्रकार कि गधा घोड़ा नहीं बन सकता, बल्कि मनुष्य पहले से ही भगवान् है, मुक्ति तुम्हारा स्वभाव है इसे जानो।

66. ईश्वर का ज्ञान होते ही संसार विलीन हो जाता है, जिस प्रकार प्रकाश होने से अंधकार विलीन हो जाता है। तुम्हें कुछ भी नहीं करना है।

67. आत्मज्ञान से क्या प्राप्त होता है ? गीता में कहा है आत्मज्ञान के पश्चात् कुछ भी जानने को शेष नहीं रहता है।

68. प्रेम आत्मा की दशा (स्वभाव) है। यह कोई कार्य नहीं है। प्रेम किया भी नहीं जा सकता पर हो जाता है। जहां जरा सा भी यह विचार होता है कि मैं प्रेम करता हूं, वहां वास्तविक प्रेम नहीं होता। प्रेम तो मेरा स्वभाव बन जाता है।

69. योग मन की वह दशा है जहां संकल्प विकल्प नहीं होता।

70. अपने को पूर्णतया ईश्वरेच्छा पर छोड़ दो। सभी जगह, सभी रूपों में मेरी ही इच्छा पूरी हो रही है, ऐसा समझो।

71. यदि तुम्हारा शरीर भूखा हो तो उसे खाना दो पर अपने को भूख से ऊपर समझो क्योंकि तुम आत्मा हो।

72. विश्वास रखो कि तुम वीर हो चट्टान की तरह दृढ़ हो। सत्य हमेशा विजयी होता है। मनुष्य केवल एक बार मरता है। मैं कायरता से घृणा करता हूं।

73. Have you got the will to surmount mountain's high obstructions, when whole world is against you with a sword in hand ? Would you still dare to do what you think is right ? If wife and children are against you, If all your money goes, your name dies, would you still stick to it ?—(Vivekananda)

74. It is good to have money and the things money can buy, but it is good too to check-up once a while and make sure that you haven't lost the things, money can't buy as God Bliss & Breath.

75. The Distinction between crime and justice is no greater. When a man wants is murder a tiger, he calls it sport. When the Tiger kills a man, he calls it ferocity.

76. Fight one more round. One who fights one more round is never whipped.

77. Be clean rather than clever.

78. The only difference between a saint and sinner is that every saint has a past and every sinner a future.

79. Time is more than money. Time lost can never be recovered.

73. (विवेकानंद)-क्या तुम्हारे पास बड़ी से बड़ी कठिनाई को भी पार करने का साहस है। यदि सारा संसार भी तुम्हारे विरुद्ध हो, तो भी जिस कार्य को तुम ठीक समझते हो, उसे करने का तुम में साहस है ? यदि तुम्हारी पत्नी, तुम्हारे बच्चे तुम्हारे विरुद्ध हों, यदि तुम्हारा सब धन भी चला जाये, यश भी चला जाये तब भी क्या तुम जिस कार्य को ठीक समझते हो करोगे ?

74. यह अच्छा है कि तुम धन व धन से प्राप्त होने वाली वस्तुएँ रखो, पर कभी-कभी अपनी इच्छाओं को रोकना और यह देखना भी अच्छा है कि कहीं तुमने उन वस्तुओं को खो तो नहीं दिया है जो बिना धन के मिलती हैं जैसे आनंद, भगवान् इत्यादि।

75. अपराध और अन्याय के बीच का अंतर कुछ भी नहीं। यह केवल सुविधा की बात है। जब एक मनुष्य शेर को मारता है तो उसे खेल कहते हैं और अगर एक शेर मनुष्य को मारे तो उसे निर्दयता कहते हैं।

76. निराश मत होओ, एक बार फिर प्रयत्न करो। जो सदैव प्रयत्नशील रहता है, वह जीवन में कभी मार नहीं खाता।

77. चालाक होने के स्थान पर पवित्र हो जाओ।

78. संत और पापी में केवल यही फर्क है कि संत का भूतकाल होता है और पापी का भविष्य।

79. समय धन से अधिक मूल्यवान है क्योंकि खोया धन तो मिल सकता है पर बीता समय हाथ नहीं आता।

80. Be the witness and do not react. Entirely forget yourself. You have no duty.

81. Self Confidence is Self realisation.

82. Never forget the obligations of your **"Satguru"**.

83. Give-up fault finding if you want peace of mind.

84. It is thy faith that heeled thee and not I.

85. It is a sin not to say "I am God". Do not play miser's part.

86. A glorious brilliant, future is awaiting you. See God everywhere.

87. A man had become so adapt in imitating the voice of a Bulbul, that he had forgotten the voice of man. The king said, "I have heard the bul-bul itself singing and I expect you to sing the songs for which you have been born. Life is not to imitate others.

88. Are your prayers also not based on fear. Whenever you fear, you remember God.

89. Service that claims reward is no service at all.

90. How could I renounce anything when I had nothing ?

80. सिर्फ साक्षी होकर रहो, कर्म मत करो, अपने को बिल्कुल भूल जाओ, तुम्हारा कोई फर्ज नहीं है।

81. आत्मविचार ही आत्म उपलब्धि है।

82. अपने सत्गुरु के उपकार हमेशा याद रखो।

83. यदि तुम मानसिक शांति चाहते हो तो दूसरों में दोष देखना बंद कर दो।

84. 'मैं नहीं' पर तुम्हारा विश्वास ही तुम्हारा उपचार करता है।

85. कंजूस मत बनो। अपने को भगवान् न समझना पाप है।

86. आगे सुनहरा भविष्य तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहा है, सब जगह भगवान् ही देखो।

87. एक मनुष्य ने बुलबुल की आवाज बोलने का इतना अभ्यास किया था कि वह अपनी आवाज ही भूल गया। इस पर राजा ने कहा कि मैंने खुद बुलबुल की ही आवाज को सुना है पर तुमसे तो मैं ये आशा करता हूं कि तुम स्वयं जिस जीवन के गीत गाने के लिये उत्पन्न हुए हो, वही गाओ। जीवन दूसरों की नक्ल करने के लिये नहीं बना है।

88. क्या तुम्हारी प्रार्थनाएं भय पर आधारित नहीं है, जब भी तुम डरते हो, भगवान् को याद करते हो।

89. ऐसी सेवा जो फल चाहती है, सेवा ही नहीं है।

90. जब मेरा कुछ भी नहीं है, तो मैं त्याग भी किसका कर सकता हूं ?

91. I want to change myself. If a man is a sinner, he puts on clothes of virtues, if violent then clothes of non-violence,if ignorant, clothes of knowledge. The ambition to be something in mind. I want to become a Saint. Can any woman with a man's clothes become a man. When there is a desire to be anything this is an escape from "**Self**"

92. Peace can be found only in Renunciation.

93. Desire in your minds puts on new bodies and pride finds new homes.

94. Freedom from Mind is Peace.

95. Desire to be something is mind. The race for being something is mind. The thirst for being something is mind.

96. Desire is for the future. Knowledge is for present.

97. In knowing the mind, mind disappears. Arrival of knowledge becomes farewell to desires. It is freedom from mind itself.

98. "God himself created himself"—(Guru Arjun Dev)

99. Everything is God.

100. One God extended himself everywhere in various ways.

101. God is the seed, God is the tree.

91. मैं स्वयं को बदलना चाहता हूं। यदि एक मनुष्य पापी है तो वही पुण्य के वस्त्र पहनना चाहता है, अज्ञानी है तो ज्ञान के वस्त्र चाहता है, यदि हिंसक है तो अहिंसक के वस्त्र चाहता है। हमेशा कुछ बनने की चाह व्यक्ति में है। मैं संत बनना चाहता हूं, इसलिये संत के वस्त्र चाहता हूं। पर क्या पुरुष के कपड़े पहनने मात्र से कोई स्त्री पुरुष हो सकती है। कुछ होने की इच्छा मात्र ही आत्मा से हमारी दूरी बढ़ाती है।

92. मात्र त्याग में ही शांति निहित है।

93. इच्छा ही नए शरीर धारण करवाती है और अभिमान ही नए घर खोज लेता है।

94. विचारों से छुटकारे में ही शांति है।

95. कुछ बनने की इच्छा ही मन है कुछ होने की दौड़ ही मन है, कुछ बनने की प्यास ही मन है।

96. इच्छा भविष्य की होती है और ज्ञान वर्तमान में ही होता है।

97. विचारों को जानने से विचार खो जाते हैं। ज्ञान का आगमन इच्छाओं को विदा कर देता है। इस प्रकार मन से मुक्ति मिल जाती है।

98. (गुरु अर्जुन देव) भगवान् ने स्वयं ही अपना सृजन किया।

99. सर्व में भगवान है।

100. भगवान् ने स्वयं ही अपना विस्तार अनेक प्रकार में किया है।

101. भगवान् ही बीज है, भगवान् ही वृक्ष है।

102. To serve his disciples is the best way to serve God.

103. Only **'Satguru'** can open to us the door of Self Realisation. The blind seek not the Guru, who dispels ignorance. The blind are after the Guru who deepens ignorance. If one blind leads the blind to ignorance, shall not the blind and blind follower both fall in the ditch.

104. The best prayer is healing of a broken heart.

105. An illu-ion caused by ignorance is removed by Self-inquiry.

106. Troubles won't come if you invite them not.

107. Civilisation owes its growth to a handful of individuals, who rising above the temptations of a cosy, comfortable routine living change to undergo trials and suffer problems to lead humanity to Nobler Goal.

108. Feel your children, relatives and friends as co-travellers in the journey of life and nothing more. So that if calamities befall, it will have no effect on the individual.

109. Do not gather treasure, for where your treasure is, there will be your heart also. You can't serve God and man.

102. भक्तों की सेवा ही भगवान् की सर्वोत्तम सेवा है।

103. केवल सत्गुरु ही आत्मज्ञान के द्वार खोल सकता है। परन्तु अज्ञानी लोग अज्ञानी गुरु के पीछे चलते हैं जिससे कि उनका अज्ञान और गहरा हो जाता है। क्योंकि एक अंधा दूसरे अंधे का हाथ पकड़ कर चलेगा तो क्या दोनों अंधे ही खड्डे में नहीं गिर जायेंगे ?

104. दुःखी दिल को संवारना ही सर्वोत्तम प्रार्थना है।

105. आत्म विचार से ही अज्ञान का भ्रम दूर होता है।

106. यदि तुम परेशानियों को स्वयं निमंत्रण न दो तो वो नहीं आयेंगी।

107. सभ्यता का श्रेय उन चुने हुए थोड़े से व्यक्तियों को जाता है जिन्होंने केवल अपने ही जीवन को सुखी बनाने की क्षुद्र इच्छाओं से ऊपर उठकर मानवता के ऊंचे आदर्शों की प्राप्ति के लिये अनेकों कष्ट उठायें हैं।

108. अपने बच्चों, रिश्तेदारों और मित्रों को अपने जीवन के सफर का केवल साथी ही समझो, उससे अधिक नहीं, जिससे कि यदि कोई दुर्घटनाएं भी घटें तो तुम्हारे मन पर उनका कोई प्रभाव न हो।

109. खजाना इकट्ठा मत करो क्योंकि जहां तुम्हारी पूंजी होगी, वहीं तुम्हारा मन भी होगा। तुम भगवान् व मनुष्य दोनों की सेवा नहीं कर सकते।

110. Worldly richness is polished poverty.

111. Property itself is a burden which take us to unending worries, fears and cares which choke the spirit of God in us.

112. Real wealth is that which increases with Distribution.

113. The pursuit of power or money is just a form of suicide.

114. Wealth and power keeps you prisoners. The service of love makes you free.

115. You cannot buy bliss by money.

116. It is difficult for man laden with riches to climb the steep path that leadeth to Bliss (Mohammed).

117. One moment of company with the 'Holy' makes a ship to cross the ocean of life.

118. Your will is important. I want to change your death into immortality.

119. We have not to renounce anything. But ignorance and install God everywhere. Enjoy therefore the things of life as God renouncing false views and false values.

120. A cigarette is a perfect type of pleasure.It leaves one dis-satisfied what more one wants.

110. सांसारिक अमीरी केवल चमकीली गरीबी है।

111. सम्पत्ति स्वयं में एक बोझ है जो हमें अन्तहीन चिन्ताओं, भय और देखभाल से बांध देती है जिससे कि भगवत भावना का गला घुट जाता है।

112. वास्तविक धन वही है जो बांटने से बढ़ता है।

113. शक्ति और धन के पीछे भागना एक प्रकार की आत्महत्या ही है।

114. धन और शक्ति तुम्हें बन्दी बना देते हैं जबकि निष्काम प्रेम तुम्हें स्वतंत्र बनाता है।

115. तुम धन से आनंद नहीं खरीद कर सकते ।

116. (मोहम्मद)–धन से लदे व्यक्ति के लिये आनंद की ऊंची चढ़ाई चढ़ना बहुत कठिन हो जाता है।

117. सत्संग की बड़ी महिमा है। संतों के साथ बिताया एक क्षण भी जीवन नैया को तारने में समर्थ होता है।

118. मैं तुम्हें मृत्यु से अमृत्व की ओर ले जाना चाहता हूं। इसमें तुम्हारी इच्छा आवश्यक है।

119. हमें किसी वस्तु का त्याग नहीं करना है सिर्फ अज्ञान का त्याग करना है और सर्वत्र ईश्वर को स्थापित करना है। जीवन में सब वस्तुओं को भगवान् ही जानो, अज्ञान की दृष्टि छोड़ दो।

120. सांसारिक इच्छाएं सिगरेट के समान है जो पीए जाने पर भी आदमी को अतृप्त ही छोड़ती है।

121. Everybody who is incapable of learning has taken to teaching.

122. No ascent without descent .

123. Be not depressed but pluck hope and strength out of the very heart of defeat, persecution and pain.

124. Renounce-Prominence, Power and Position.

125. In the rough voyage of life, light houses are needed.

126. Silence and sacrificial men is what India needs today.

127. Want makes us beggars.

128. When God sends rain, I feel it as my choice. Accept life, not rebel against it. When you accept life, Life accepts you. Allow your nature to carry out the will of the High Power.

129. Any attempt to suppress desire is a desire itself.

130. Knowledge means farewell to desires.

131. You cannot buy Bliss. Goal of life is peace of mind, and not money, as fish finds its life in water and not in honey.

132. Know Thyself and you know God.

121. जो व्यक्ति सीखने के अयोग्य हो जाता है, वह सिखाने लग जाता है।

122. बिना उतराई के चढ़ाई नहीं होगी।

123. उदास मत होओ, दुख परेशानियों और हार के समय आशा और शक्ति से काम लो।

124. प्रभुत्व, पद एक प्रतिष्ठा से ऊपर उठो।

125. जीवन की उबड़-खाबड़ यात्रा में दीप स्तम्भों की आवश्यकता है।

126. भारत को आज मौन और त्याग में रहने वाले मनुष्यों की आवश्यकता है।

127. इच्छा हमें भिखारी बनाती है।

128. जब भगवान् वर्षा करता है तो मैं कहता हूं कि यह मेरी ही इच्छा थी जैसा भी जीवन तुम्हारे सन्मुख आए उसे वैसे ही स्वीकार करो। उससे विद्रोह मत करो, जब तुम जीवन को स्वीकार करते हो तो जीवन तुम्हें स्वीकार करता है। ईश्वरीय इच्छा को अपने द्वारा पूरी करने का प्रयत्न करो।

129. इच्छाओं को दबाने की इच्छा करना भी स्वयं में एक इच्छा है।

130. ज्ञान का अर्थ इच्छाओं का विदा हो जाना है।

131. तुम आनंद को खरीद नहीं सकते। जीवन का उद्देश्य मानसिक शांति है, धन नहीं। जिस प्रकार मछली को पानी से जीवन मिलता है, शहद से नहीं।

132. अपने को जानो तो भगवान् को जान जाओगे।

133. Be Still and you will know That you are That.

134. Man is born of sex union. He can be born again of God Union.

135. When knowledge dawns, world disappears.

136. In the beginning was word. Word transplanted into the world, Lord hidden in it. Lord, world and Word. Thus one became many by **"Sankalpa"** i.e., **"Nirakar"** became **"Sakar"**.

137. Nothing is created. Infact there is no creation. The universe is the projection of God—His expansion, Extension, Annexure of God. All the world is nothing but your thought, your imagination and your ideas.

138. Man in his ignorance imagines that by searching outside of himself he will discover the truth.

139. All is right that seems most wrong.

140. Know that all creatures are propelled to action by God's will. Just as a doll of wood or artificial deer dances at the will of the rope-puller.

141. God creates beings through beings and destroys them at each other's hand. Not knowing this, **'Jeeva'** considers itself as a Doer of things.

133. शांत हो जाओ तो तुम पाओगे कि तुम स्वयं ही भगवान् हो।

134. मनुष्य का जन्म माता-पिता से हुआ है और उसका पुनर्जन्म ईश्वर के संयोग से होता है।

135. जब ज्ञानोदय होता है, संसार विलीन हो जाता है।

136. प्रारम्भ में केवल एक शब्द था (ओम्)। वही ओम् संसार में परिवर्तित हो गया और परमात्मा उसी में छिप गया। वही अपने संकल्प द्वारा एक से अनेक हो गया।

137. कुछ भी रचा नहीं गया है, कोई रचना भी नहीं है, यह संसार ईश्वर का ही विस्तार है। सारा संसार केवल तुम्हारा विचार है, केवल तुम्हारी कल्पना है।

138. अज्ञान में मनुष्य सोचता है वह अपने से बाहर ही ईश्वर को, सत्य को खोज लेगा।

139. जो भी प्राय: हमें गलत दिखाई देता है ठीक होता है।

140. सब जीव ईश्वरेच्छा द्वारा ही कार्य करते हैं; जैसे लकड़ी की पुतली और हिरन कठपुतली चलाने वाले की डोरी से नाचते हैं।

141. ईश्वर ने ही जीवों को जीवों द्वारा उत्पन्न किया है, ऐसे ही वह एक दूसरे से एक दूसरे का संहार भी कराता है; पर अज्ञान में जीव ऐसा न जान कर स्वयं को ही कर्त्ता मानता है।

142. One thing that you must fear most is fear itself. So that you may never fear.

143. First deserve, then desire. Only deserve, don't desire.

144. How can you be happy and healthy when you are thinking of sickness all the time

145. Only bring in Light. Don't fight darkness. Only be good, you will be lovesome. All will give up. Bring in Light and Darkness gives you up.

146. Remain Natural Remain "**Ashoka**" Sri Krishna said, "If you are disturbed" You are not Natural. To remain sad is not your nature. Thinking is not your real nature. Actually there is no joy or grief but your thought portrays you as such.

147. It is mind that makes Heaven or Hell.

148. Control of Desire alone leads to Self Realisation.

149. At the cost of death, you become Immortal.

150. If a wrong man uses right means, the right means work in the wrong way.

151. Love for Money is the root of all evil.

152. Open your window to allow sun to come in. Make the best use of everything.

142. तुम्हें स्वयं डर से ही डरना चाहिये जिससे कि तुम सदा के लिये निर्भय हो सको।

143. पहले योग्य बनो, फिर इच्छा करो। केवल योग्य बनो, इच्छा मत करो।

144. जब तुम हर समय बीमारी का विचार करोगे तो स्वस्थ कैसे हो सकते हो ?

145. अंधेरे से लड़ो मत केवल प्रकाश करो। केवल अच्छे बन जाओ सब स्वयं तुम्हें छोड़ देंगे; जैसे प्रकाश के आने पर अंधेरा स्वयं चला जाता है।

146. ''स्वभाव'' में रहो। भगवान् कृष्ण ने कहा है 'अशोक' रहो। यदि तुम विचलित हो तो तुम स्वभाव में नहीं हो। दुखी रहना स्वभाव नहीं है, सोचना भी तुम्हारा असली स्वभाव नहीं है। वास्तव में कुछ भी आनन्द और दुख नहीं है, केवल तुम्हारा विचार ही उन्हें वैसा बनाता है।

147. मन ही स्वर्ग और नर्क की रचना करता है।

148. इच्छाओं के नियंत्रण से ही आत्म साक्षात्कार सम्भव है।

149. मर कर ही तुम अमरता प्राप्त कर सकते हो।

150. यदि कोई गलत व्यक्ति ठीक साधनों का भी उपयोग करता है तो वो गलत तरीके से ही काम करते हैं।

151. धन का प्रेम ही सब बुराइयों की जड़ है।

152. अपनी खिड़कियां खोलो जिनसे सूर्य का प्रकाश अंदर आ सके। हर वस्तु का सर्वोत्तम उपयोग करना सीखो।

153. Get rid of your Body Consciousness and you get rid of all your sufferings.

154. Your Determination is important.

155. Be Silent and rule the world.

156. Failures are the pillars of success.

157. I may Die so that you may Live.

158. **Mukti**, Salvation is your eternal nature, you have not to attain it. You are that already. As the nature of water is cold, of fish is to swim, of bird is to fly. There is nothing for you, that you desire. You are free from duality. You are in the immortal state, fearless, invisible. You are the truth. Highest effort is salvation.

159. The energy we waste in Judging others is just what is needed, to make us to live up to our own ideals.

160. Live Rich, Die Poor.

161. Forget yourself to realise yourself. He who loseth life shall find life.

162. Subtract yourself from all your relationship. You are neither son, father, husband or wife.

163. God made man into his own Image, Reflection, Lightness.

153. देहाभिमान से छुटकारा पाते ही तुम्हारे सब दुख छूट जायेंगे।

154. तुम्हारा निश्चय ही महत्वपूर्ण है।

155. मौन हो जाओ और संसार पर शासन करो।

156. असफलताएं ही सफलताओं का आधार स्तम्भ है।

157. चाहे मैं मर भी जाऊं पर तुम लोग जीवन प्राप्त करो।

158. मुक्ति, मोक्ष तुम्हारा आदि स्वभाव है। इसे तुम्हें प्राप्त नहीं करना है-तुम तो वो पहले से ही हो। जिस प्रकार पानी का स्वभाव ठण्डा होता है, मछली का पानी में रहना, पक्षियों का उड़ना है, ऐसे ही मुक्ति भी तुम्हारा स्वभाव है। कोई वस्तु ऐसी नहीं जिसकी तुम इच्छा करो, तुम द्वैत से स्वतंत्र हो। तुम अविनाशी हो, निर्भय हो, अदृष्ट हो, तुम सत्य हो। मुक्ति पाने का प्रयत्न करना ही सबसे बड़ा पुरुषार्थ है।

159. जिस शक्ति का अपव्यय हम दूसरों को जज करने में करते हैं उसी का उपयोग हम अपने आदर्शों को जीने में कर सकते हैं।

160. राजाओं की भांति जियो और गरीब होकर मरो।

161. अपने स्वरूप को प्राप्त करने के लिये अपने देहाभिमान को भुला दो। जो जीवन देता है उसे ही जीवन मिलता है।

162. अपने को सब रिश्तों से खींच लो-तुम न पिता हो, न पुत्र, न पति, न पत्नी।

163. भगवान् ने मनुष्य को अपनी ही प्रतिछवि तथा अपनी ही प्रतिछाया बनाया है।

164. India's Atmic Balm is the remedy for Atomic Bomb.

165. One who becomes free from worries by being empty attains perfection.

166. When there is great attachment to God, then the result is non-attachment for all the things that are not God.

167. Why destroy present happiness by a distant misery, which may never come at all.

168. If your thought cannot make you miserable, then even God cannot. God may forgive, but your nervous system never does.

169. Money cannot make a man. Money can at most spoil a man.

170. Stop thinking. Enjoy nature by walking alone with God. Then you lose your cares and worries, become carefree and careless.

171. My happiness depends on the way I meet events in my life ; not on the events.

172. Never wish to change the things that cannot be changed. What can't be cured must be endured.

164. भारत का आत्मिक बाम ही एटामिक बम का सर्वोत्तम उपचार है।

165. जो खाली होकर चिन्ताओं से रहित हो जाता है वह पूर्ण हो जाता है।

166. जब ईश्वर से अत्यन्त प्रेम हो जाता है, उसके फलस्वरूप सांसारिक वस्तुओं से वैराग्य हो जाता है।

167. वर्तमान आनंद को भविष्य में आने वाले दुख की आशंका से क्यों नष्ट करते हो ? हो सकता है वो दुःख कभी आये ही नहीं।

168. यदि तुम्हारा विचार तुम्हें दुखी नहीं करता है तो भगवान् में भी तुम्हें दुखी करने की शक्ति नहीं। ईश्वर भी तुम्हें क्षमा कर सकता है पर तुम्हारा स्नायुमंडल नहीं।

169. धन से आदमी नहीं बनता है। धन उसे बिगाड़ जरूर सकता है।

170. सोचना बंद करो। केवल भगवान् के साथ घूम कर प्रकृति का आनंद लो। तब तुम्हारी सारी चिन्ताएं परेशानियां खत्म हो जायेंगी और तुम निश्चिंत हो जाओगे।

171. मेरा आनंद परिस्थितियों पर आधारित नहीं है वरन् मैं किस भांति परिस्थिति का मुकाबला करता हूं, इस पर आधारित है।

172. जो कुछ बदला नहीं जा सकता उसे बदलने का प्रयत्न मत करो। जिसको नहीं बदल सकते उसको सहन करो।

173. Worry is a rocking chair, that never takes me anywhere.

174. Every soul in your own soul. Every creature in yourself. If you help someone you help yourself.

175. Your birthday should remind you of your death day.

176. Don't think with your mind, surrender unto God.

177. You never try to avoid what God sends.

178. Fear is the sign of want to faith in God.

179. Strength is life. Weakness is death. (Vivekananda)

180. Difficulties and trouble will help you in developing your will and power of endurance. Be Courageous.

181. Even Prophets become perfect through sufferings.

182. The ultimate end and aim of all methods, means and ways of Self-realisation is to make man see. Sameness in all, at all times, everywhere and in all conditions. In other words to realise God in all and all in God.

183. As you think, so shall you become.

184. Faith is powerful than fear.

185. When **Chela** is Ready, **Guru** is there.

173. चिंता घूमने वाली कुर्सी के समान हैं जिसका गंतव्य कुछ भी नहीं है।

174. हर आत्मा तुम्हारी आत्मा है। हर जीव तुम्हारा अपना स्वरूप है, अगर तुम किसी की सहायता करते हो तो अपनी सहायता करते हो।

175. अपने जन्म दिवस पर तुम्हें मृत्यु दिवस याद आना चाहिये।

176. मस्तिष्क से मत सोचो, वरन् भगवान् के शरणागत हो जाओ।

177. जो भी भगवान् भेजे उसे अस्वीकार न करो।

178. डरना भगवान् में विश्वास न होने का चिन्ह है।

179. शक्ति ही जीवन और दुर्बलता ही मृत्यु है। (विवेकानन्द)

180. कठिनाइयां और मुसीबतें तुम्हारी इच्छाशक्ति और सहनशक्ति को बढ़ाऐंगी। साहसी बनो।

181. अवतार भी कष्टों द्वारा ही पूर्ण बनते हैं।

182. आत्मज्ञान के सब साधनों सब तरीकों और सब रास्तों का अर्थ मनुष्य को सबमें सर्वदा समभाव देखना बताना है। दूसरे शब्दों में सबको भगवान् कर जानना और सबमें भगवान् को जानना है।

183. जैसा तुम सोचते हो वैसे ही बन जाते हो।

184. विश्वास भय से अधिक शक्तिशाली है।

185. जब शिष्य तैयार होता है तो गुरु भी आ जाता है।

186. Pray not, rather Act.

187. It is easy to strike the blow, but hard to stay the hand.

188. Meditation and not thinking is the proper course, Meditation means absence of action. It is not an act, rather a state of mind. Meditation attains perfection when it is no longer necessary to meditate again. Meditation is a state where thought is not.

189. Never try to think without a peaceful mind.

190. Practise of seeing God in all confers on the **"Sadhaka"** immediate experience of bliss.

191. I do not want followers because if you follow; You lose truth.

192. Truth is Pathless Land.

193. If you go to a surgeon for operation, he will operate and cause you pain also, yet it is his kindness. If I speak strong words, It does not prove that I have no affection for you.

194. Action cannot destroy ignorance only **Gyan** can destroy ignorance.

195. It is the mind that makes hell of Heaven. Thought is responsible for the whole mischief.

186. प्रार्थना नहीं कर्म करो।

187. प्रतिशोध लेना आसान है, संयम रखना कठिन।

188. सोचना नहीं, ध्यान करना ही उचित रास्ता है। ध्यान का अर्थ है क्रिया का अभाव। यह कोई कर्म नहीं है वरन् मन की एक दशा है। जब फिर ध्यान करने की आवश्यकता न रह जाये वही स्थिति वास्तविक ध्यान है, ध्यान में विचार नहीं होते।

189. अशांत मन से विचार मत करो।

190. सबमें भगवान् देखने की प्रक्रिया से साधक को तत्काल ही आनंद का अनुभव होता है।

191. मुझे अनुगामी नहीं चाहिये क्योंकि यदि पीछे चलोगे तो सत्य को छोड़ दोगे।

192. सत्य का कोई मार्ग नहीं है।

193. यदि तुम एक सर्जन के पास ऑपरेशन कराने जाओ तो वह ऑपरेशन करेगा, उसमें तुम्हें दर्द होगा, पर इसमें भी डाक्टर की तुम पर कृपा ही है। इसी प्रकार यदि मैं कुछ कटु शब्द बोल भी देता हूं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि मेरे दिल में तुम्हारे लिये प्रेम नहीं है।

194. कर्म से अज्ञान का नाश नहीं होगा ; केवल ज्ञान ही अज्ञान के नाश में समर्थ है।

195. मन ही स्वर्ग को नरक बना डालता है, विचार ही सब मुसीबत की जड़ है।

196. He who is on the real path is sure to realise the object.

197. Give to the world, the best that you have, and the best will come back to you.

198. Wants makes us Beggars.

199. Everyday is a holiday and every night is a Golden night.

200. Speak only when you are heard with heart.

201. Pardon me not O Lord ! But punish me for every Fault.

202. Unless you feel all, you know not all.

203. Don't speak unless you have digested, lest you vomit all you have eaten.

204. I am able to love God, because he gives me freedom to deny him. God loves to see in me not his servant but himself who serves all.

205. Think all you speak, but speak not all you think.

196. जो वास्तविक पथ पर है, वह अपना उद्देश्य अवश्य प्राप्त करेगा।

197. जो उत्तम वस्तु तुम्हारे पास हो वही संसार को दें, इस प्रकार उत्तमोत्तम वस्तु ही तुम्हारे पास वापस आयेगी।

198. इच्छा हमें भिखारी बनाती है।

199. हर दिन अवकाश का दिन है और हर रात सुनहरी रात।

200. जब लोग तुम्हें दिल से सुनें तभी बोलो।

201. हे प्रभु ! मुझे क्षमा न करना वरन् मेरे हर कसूर की सजा देना।

202. तुम तब तक सर्व नहीं जान सकते जब तक सर्व में अपने को महसूस नहीं करते।

203. जब तक तुमने अच्छी तरह पचा नहीं लिया तब तक मत बोलो, नहीं तो जो खाया है अनपचा ही निकल जायेगा।

204. मैं प्रभु से इसलिये प्रेम कर सका हूं क्योंकि उसने मुझे अपने को भी अस्वीकार करने की स्वतंत्रता दी है। भगवान् मेरे रूप में कोई चाकर देखना नहीं पसंद करता वरन् स्वयं को देखा चाहता हूं जिससे कि सबकी सेवा होती हो।

205. जो कुछ भी तुम बोलो वह सब सोच कर बोलो पर जो कुछ भी तुम सोचते हो वह सब मत बोलो। अर्थात् वाणी और विचारों पर नियंत्रण रखो।

206. Be not afraid of anything. It is fear that is the great cause of misery in the world. It is fear that is greatest superstition. It is the fear that is the cause of woes and it is fearlessness that brings heaven in a moment.

207. A person who gives unasked advice needs an advice himself.

208. God gave man free will, so that he may choose Him above all, but a free choice involves the possibility of wrong choice. Man chooses 'Ego' instead of his real Self i.e., God.

209. Instead of changing the World one should change oneself. If the mind is changed, the man is changed ; If the man is changed, the world is changed.

210. Not knowing that bee is moved by the wheel, the Fly thinks that she is moving the wheel.

211. Our source of happiness is within. Our ignorance makes us search without in vains.

212. The Man thinks that he is killing the time, not realising that the time is killing him.

213. Do your best but to God leave the Rest.

214. What could you renounce when you have nothing.

215. Giving up the false Self (Ego) is true Renunciation.

206. किसी भी वस्तु से मत डरो। वास्तव में डर ही संसार में अधिकतर दुखों की जड़ है। डर ही सबसे बड़ा अंध विश्वास है। डर से सब प्रकार के दुःख उत्पन्न होते हैं और निडरता से स्वर्ग का आनंद मिलता है।

207. जो मनुष्य बिना मांगे सम्मति देता है उसे स्वयं सम्मति की आवश्यकता है।

208. प्रभु ने मनुष्य को free will दी है, जिससे कि वह भगवान् को चुन सके परन्तु इसका दुरुपयोग भी कर सकता है। कई दफा मनुष्य भगवान् की जगह अहंकार को चुन लेता है।

209. संसार को परिवर्तन करने के स्थान पर स्वयं को बदलो। यदि मन बदल जाता है तो मनुष्य बदल जाता है और मनुष्य बदल गया तो संसार बदल गया।

210. मक्खी को पता नहीं है कि वह पहिये के कारण चल रही है, वह समझता है कि पहिया उसके कारण चल रहा है।

211. हमारे आनन्द का स्रोत अंदर है। पर हम अज्ञान के कारण उसे बाहर ढूंढते हैं और हमें असफलता मिलती है।

212. मनुष्य समझता है कि वह समय को नष्ट कर रहा है, पर यह नहीं समझता कि समय ही उसे नष्ट कर रहा है।

213. अपना भरसक प्रयत्न करो, बाकी सब भगवान् पर छोड़ दो।

214. तुम क्या छोड़ सकते हो जबकि तुम्हारा कुछ है ही नहीं।

215. अपने अहंकार का त्याग ही वास्तविक त्याग है।

216. Unless one renounces everything, he cannot be my disciple.

217. Love is state of **Atma** not an action.

218. **Samadhi** is the state of thoughtlessness.

219. Thinking is not your nature. What is allotted cannot be blotted. You can't change conditions.

220. Soul has no Sex. It is neither female nor male. It is only in body that sex exists.

221. Man is already God, but he has forgotten it. He is reminded by Guru, He gets awakened, "I am that" He says. He then forgets body.

222. The enjoyment of pleasure and pain is determined by your past karmas. But now do your own "**Purushartha**".

223. Even animals sleep, beget and die away but man has a mission beyond this way. I want to change your death into immortality. Listen through mind, hear with heart and determine completely once for all. This Revolution occurs in minutes, otherwise even five births are not enough.

224. God realised man acts without actions, speaks without words, and achieves without efforts.

216. जब तक कोई सर्व का त्याग नहीं कर देता, मेरा शिष्य नहीं हो सकता।

217. प्रेम आत्मा की दशा है, कोई क्रिया नहीं।

218. समाधि निर्विचार अवस्था है।

219. सोचना तुम्हारा स्वभाव नहीं है। जो कुछ प्रारब्ध में है वह अवश्य ही होगा; तुम परिस्थितियों को नहीं बदल सकते।

220. आत्मा का कोई लिंग नहीं है। न ही स्त्रीलिंग और न पुलिंग। ये सिर्फ शरीर में है।

221. मनुष्य पहले से ही भगवान् है परन्तु वह इसे भूल गया है। गुरु उसे याद दिलाता है। वह जागता है और कहता है कि "मैं यहाँ हूं" और तब वह शरीर को भूल जाता है।

222. तुम्हारे भूतकालीन कर्मों से ही तुम्हारे सुख-दुख का निर्माण होता है, पर अब तुम अपना पुरुषार्थ करो।

